दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 15 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से।　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम ने देश को महिला और युवाओं का एक ऐसा समीकरण दिया, जो आने वाले कई दशकों की राजनीति का आधार बनेगा।

02 राज्य में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद सरकार गठन को लेकर राजनीतिक हलचल हुई तेज। एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की मुलाकात।

03. राजद ने कहा– विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को मिली हार की, की जायेगी गहन समीक्षा।

04. और, भारतीय जनता पार्टी मतदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए कल राज्य के सभी जिलों में धन्यवाद मार्च निकालेगी।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो गया है कि राज्य के लोगों विकास की नई ऊंचाईयों को छूने के लिए मतदान किया था। आज सूरत में बिहार के लोगों को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार चुनाव ने देश को महिला और युवाओं का एक ऐसा समीकरण दिया है जो आने वाले कई दशकों की राजनीतिक का आधार बनेगा।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चुनाव परिमाण उन लोगों के लिए एक सबक है, जो जातिवाद के नाम पर अपनी राजनीति चमकाना चाहते थे।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लगातार अपमानित कर रहे लोगों के लिए भी यह चुनाव परिणाम मुंह तोड़ जवाब है।

———बाईट———

————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद सरकार गठन को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। आज उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत एनडीए के घटक दलों के कई नेताओं ने जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

परिणामों के बाद राजधानी पटना में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही सरकार गठन से संबंधित सभी पहलुओं को अंतिम रूप दे देगा। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में सब कुछ तय हो जाएगा।

———बाईट—दिलीप जायसवाल———

इधर, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर जाकर मुलाकात की। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पासवान ने कहा कि इस मुलाकात के दौरान सरकार गठन की रूप रेखा पर भी चर्चा हुई।

———बाईट—चिराग पासवान———

इधर, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में ही सरकार का नेतृत्व करने की क्षमता है, इसलिए वे निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री बनेंगे।

———बाईट—संतोष सुमन———

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि एनडीए विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के चयन की औपचारिकता पूरी की जायेगी और उसके बाद सरकार बनाने का दावा पेश किया जायेगा।

———बाईट—उपेन्द्र कुशवाहा———

जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्री मंत्री ललन सिंह ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री पद की कोई वैकेंसी नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री थे, हैं और रहेंगे।

———बाईट—श्रवण कुमार———

इधर, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और उन्हें जीते हुये प्रत्याशियों की सूची सौंपी।

———————————————————————————

राजद ने कहा है कि हार के कारणों की समीक्षा की जायेगी। पार्टी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि जो परिणाम आया है वह पूरी तरह अप्रत्याशित है।

———बाईट———

जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी लोगों का विश्वास हासिल करने में सफल नहीं हो सकी।

———बाईट———

———————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी मतदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए राज्य के सभी जिलों में कल धन्यवाद मार्च निकालेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

———————————————————————————

विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन—एन.डी.ए. ने 202 सीट जीतकर भारी बहुमत हासिल कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल यूनाइटेड, जदयू ने 85 सीट जीती हैं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को 19 सीट मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा सेक्युलर ने पाँच सीट, जबकि उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने चार सीटें हासिल की है। इधर, राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाला महागठबंधन 35 सीटों पर ही सिमट गया। इनमें राजद को 25 जबकि कांग्रेस को छह सीट मिली है। वहीं, भाकपा—माले को दो सीट और माकपा तथा इंडियन इंक्लूसिव पार्टी को एक—एक सीट मिली है। इसके अलावा ए.आई.एम.आई.एम. ने पाँच सीट और

बहुजन समाज पार्टी ने एक सीट जीती है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का चुनाव में खाता भी नहीं खुल सका। पार्टी के अधिकतर उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी।

———————————————————————

विधानसभा चुनाव में महागठबंधन का पन्द्रह जिलों में खाता भी नहीं खुल सका। ये जिले हैं, शिवहर, सीतामढ़ी, सुपौल, पूर्णिया, दरभंगा, गोपालगंज, खगड़िया, भागलपुर, बांका, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, भोजपुर और अरवल। हमारे संवाददाता ने बताया कि शाहाबाद इलाके में महागठबंधन को केवल दो सीटों पर ही जीत मिल सकी।

———बाईट———

शाहाबाद प्रक्षेत्र में रोहतास, भोजपुर, कैमूर और बक्सर जिले के बाईस विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से एनडीए ने उन्नीस सीटों पर जीत हासिल की है जबकि महागठबंधन को दो सीटें मिली है। कैमूर की एक सीट रामगढ़ बहुजन समाज पार्टी के खाते में आई है। कैमूर और भोजपुर जिले में महागठबंधन का खाता भी नहीं खुल सका। रोहतास में एक सीट भाकपा–माले के खाते में आई है जबकि बक्सर में एक सीट ब्रह्मपुर पर ही राजद को जीत मिल सकी। आकाशवाणी समाचार के लिए सासाराम से चंदन कुमार।

मगध प्रक्षेत्र में भी महागठबंधन का कोई जादू नहीं चल सका। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट——

———बाईट———

मगध मंडल में विधानसभा की कुल 26 सीटें हैं जिनमें एनडीए ने इस बार 20 सीटों पर कब्जा जमाया है जबकि महागठबंधन को केवल 6 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। इसके ठीक उल्टा 2020 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को 20 और एनडीए को 6 सीटें मिली थी । मगध प्रमंडल में भाजपा और जदयू को इस बार 6 – 6 तथा लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा को चार–चार सीटों पर जीत मिली है जबकि राष्ट्रीय जनता दल को केवल 6 सीटें हासिल हुई हैं। इस बार मगध प्रमंडल में कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और इसका यहां खाता भी नहीं खुल पाया। आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद से कमल किशोर।

सीमांचल में महागठबंधन के सभी समीकरण टूटते दिखे। सीमांचल में एआईएमआईएम का प्रदर्शन इस बार भी पिछले विधानसभा चुनाव की पुनरावृत्ति रही।

———बाईट———

सीमांचल के जिलों, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया और अररिया में चौबीस विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से चौदह सीटों पर एनडीए को जीत मिली है। एआईएमआईएम को पांच और महागठबंधन को पांच सीटें मिली हैं। एनडीए ने कटिहार जिले की सात में से छह सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, महागठबंधन के खाते में एक मात्र सीट आई है। पूर्णिया जिले में महागठबंधन का पूरी तरह सफाया हो गया। जिले की सात विधानसभा सीटों में से एनडीए को पांच और एआईएमआईएम को दो सीटों पर जीत मिली है। किशनगंज की बात करे तो यहां एनडीए और महागठबंधन के खाते में एक–एक और एआईएमआईएम के खाते में  दो सीटे आयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए किशनगंज से विशाल कुमार।

इधर, चम्पारण की बात करे तो महागठबंधन को इक्कीस में से केवल तीन सीटों पर जीत मिली है। मिथिला और कोसी के इलाके में भी महागठबंधन को निराशा ही हाथ लगी है।

—————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री आर.के. सिंह को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से उनकी गतिविधियां पार्टी के विरोध में रही हैं, जो अनुशासनहीनता के दायरे में आती है। इसके अलावा विधान पार्षद अशोक अग्रवाल और पार्टी नेत्री उषा अग्रवाल को भी पार्टी ने नोटिस जारी किया है कि क्यो न उन्हें अनुशासनहीनता के कारण पार्टी से निष्कासित किया जाए।

—————————————————————

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि वे अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हैं। रोहिणी आचार्य ने लिखा कि संजय यादव और रमीज ने मुझसे यही करने को कहा था और मैं सारा दोष अपने ऊपर ले रही हूँ।

—————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर के वार्ड संख्या तेरह स्थित एक घर में आग लग जाने से परिवार के पांच लोगों की झुलस कर मौत हो गयी। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, हादसे में पांच अन्य झुलस गये, जिनकी स्थिति गम्भीर बतायी जाती है।

—————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम ने देश को महिला और युवाओं का एक ऐसा समीकरण दिया, जो आने वाले कई दशकों की राजनीति का आधार बनेगा।

02 राज्य में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद सरकार गठन को लेकर राजनीतिक हलचल हुई तेज। एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की मुलाकात।

03. राजद ने कहा– विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को मिली हार की, की जायेगी गहन समीक्षा।

04. और, भारतीय जनता पार्टी मतदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए कल राज्य के सभी जिलों में धन्यवाद मार्च निकालेगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।